तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

10 ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नही : श्योराण



10 अभिभावकों के आशीर्वाद से होंगे काम सफल : सिहाग




MLN PUBLIC SCHOOL
EDUCATE·INNOVATE·CREATE
PROGRESSIVE SCHOOL WITH A DIFFERENCE
WE ARE EXCLUSIVE
- Theme based learning
- Digital Classrooms
- Collaboration Learning approach
- Tech-Savvy and Certified Faculty
- Foreign Language Classes
- Abacus & STEM Education
- Successful and proud Alumni around the country
- NCC, Scouts and Guides, A recognized NSS Unit
- Special Classes for Spoken English & Reasoning
- Emphasis on Olympiads, NTSE, NDA, NEET, IIT-JEE & CPT
Saplings
ADMISSIONS OPEN SESSION 2024-25
FREE SWIMMING CLASSES FOR ALL STUDENTS
MLN SPORTS ACADEMY
BOXING | BADMINTON | SWIMMING | TABLE TENNIS | KABADDI | CRICKET



## खबर संक्षेप

### युवती से मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** भिवानी रोड पर रंजिशन हमला का युवती को घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूपेंद्र नगर निवासी रेणू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनसे पड़ोसी सतबीर परिवार रंजिश रखे हुए है। उसकी रंजिश के चलते सतबीर परिवार ने उन पर हमला कर दिया।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल स्टाफ पुलिस द्वारा बाइक चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव चंदाना निवासी अनिल कुमार की शिकायत अनुसार 9 जून की रात उसकी बाइक को रणधीर सिनेमा के ग्राउंड से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था।

### जमीन विवाद में ताऊ को पीटा, मामला दर्ज

**जींद।** गांव जाजवान में जमीन विवाद के चलते भतीजो ने ताऊ पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो भतीजों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जाजवान निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके भाई के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### नशा सप्लाई मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** नशा सप्लाई करने के 2 मामलों में पुलिस ने 2 आरोपितो को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 ग्राम हेरोइन चिट्टा सप्लाई करने के मामले की जांच दौरान चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई विकास कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गोबिंद नगर समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी गुरबाज सिंह को काबू कर लिया गया।

### दुकान से नकदी और आभूषण का पर्स चोरी

**जींद।** बाजार में चाट-टिक्की दुकान से युवती का पर्स गायब हो गया। पर्स में 11 हजार रुपये की नगदी, सोने का मंगलसूत्र, आधार कार्ड व जरूरी कागजात थे। शहर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर है। श्याम नगर निवासी अलका ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की वह अपनी बहन के साथ बाजार में चाट टिक्की की दुकान पर गए हुए थे।

### कातिलाना हमले के दो आरोपित भेजे जेल

**कैथल।** कातिलाना हमला करने के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कातिलाना हमला करने के एक मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एसआई रमेश चंद्र की टीम द्वारा करते आरोपी गांव क्योड़क निवासी गौरव को काबू कर लिया गया।

### नकदी-फोन चोरी कर भाग रहा व्यक्ति काबू

**जींद।** नरवाना जंक्शन पर अवध-असम एक्सप्रेस गाड़ी से यात्री की नगदी तथा फोन चोरी कर भाग रहे व्यक्ति को रेलवे पुलिस ने काबू कर लिया है। रेलवे पुलिस ने पकड़े व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। नरवाना रेलवे जंक्शन पर अवध-असम एक्सप्रेस गाड़ी ठहराव के बाद रवाना हुई तो एक व्यक्ति चलती गाड़ी से उतर गया।

## अगले आदेश तक पुराने रेटों पर ही किया जाएगा भुगतान

# टोल टैक्स बढ़ाने का आदेश रद, वाहन चालकों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए अच्छी खबर है। एक अप्रैल से जो बढ़े हुई टोल दरें लागू होनी थी, उन्हें रोक दिया गया है। जब तक आगामी आदेश नही आते तब तक पुरानी दरों से ही टोल लिया जाएगा। हालांकि नई टोल दरें एक अप्रैल से ली जानी थी लेकिन आदेश मिलते ही टोल संचालकों ने पुरानी टोल दरें ही सोमवार को वाहन चालकों से ली। जिले में दिल्ली-पटियाला नेशनल हाइवे पर खटकड़ के पास, हिसार-चंडीगढ़ एनएच पर बद्दोवाल, जींद-गोहाना रोड पर लुदाना के पास टोल प्लाजा बने हैं। जींद में कुल तीन टोल हैं। वहीं जींद-करनाल और जींद-भिवानी मार्ग पर भी टोल प्लाजा हैं लेकिन ये दूसरे जिले की सीमा में आते हैं। इसके अलावा जींद-रोहतक रोड पर लाखनमाजरा से पहले भी टोल प्लाजा बन कर तैयार हो चुका है। प्रतिदिन जींद के तीन टोलों से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। अब पुरानी दरों से ही टोल दर ली जाएंगी तो वाहन चालक खुश हैं। गौरतलब है कि एनएचएआई की तरफ से हर साल एक अप्रैल से टोल टैक्स में वृद्धि करता है। इस बार भी टोल टैक्स के रेट में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की गई थी। बाकायदा नई टोल सूची भी तैयार की गई थी और इसे टोल प्लाजा पर चस्पा किया गया था। रविवार को सभी स्थानीय अधिकारियों के पास सूचना आई कि नए टोल टैक्स रेट को रोक लिया जाए और इसे अभी लागू नहीं किया जाए। जींद-नरवाना रोड पर खटकड़ टोल प्लाजा के मैनेजर विजय कालीरमण ने बताया कि फिलहाल टोल दर नही बढ़ी है। हालांकि आदेश मिले थे कि नई टोल दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। बाकायदा टोल दर की सूची भी चस्पा कर दी गई थी। अब एनएचएआई के उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार आगामी आदेशों तक टोल रेट नहीं बढ़ेंगे और पुरानी दर से ही टोल सोमवार को लिया गया है।

### जींद में तीन टोल से प्रतिदिन गुजरते हैं हजारों वाहन



जींद। खटकड़ टोल से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

**खटकड़ टोल प्लाजा की पुरानी दरें**

| यात्रा का प्रकार | कार | एलसीवी | ट्रक/बस | कॉमर्शियल |
|---|---|---|---|---|
| सिंगल ट्रिप | 115 | 190 | 395 | 430 |
| रिटर्न ट्रिप | 175 | 280 | 590 | 645 |
| मंथली पास | 3885 | 6275 | 13150 | 14145 |
| जिला रजिस्टर्ड कमर्शियल | 60 | 95 | 195 | 215 |

**लुदाना टोल प्लाजा की पुरानी दरें**

| यात्रा का प्रकार | कार | एलसीवी | ट्रक/बस | कॉमर्शियल |
|---|---|---|---|---|
| सिंगल ट्रिप | 55 | 85 | 185 | 200 |
| रिटर्न ट्रिप | 80 | 130 | 275 | 300 |
| मंथली पास | 1805 | 2915 | 6105 | 6660 |
| जिला रजि. | 25 | 45 | 90 | 100 |

# सरकार के खिलाफ नारेबाजी

- आढ़तियों ने पूरी आढ़त दिए जाने की मांग को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। मंडी में मांगों को लेकर धरना दे रहे आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलों पर अढ़ाई प्रतिशत आढ़त दिए जाने की मांग को लेकर आढ़तियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने दो घंटे तक धरना देकर रोष प्रकट किया। यहां पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। प्रधान सत्यवान पेगां ने कहा कि 27 मार्च को कुरूक्षेत्र के अंदर प्रदेशस्तरीय आढ़ती एसो की मीटिंग थी। आढ़तियों के साथ सरकार ज्यादती कर रही है। चार साल से जो फसलों के भाव बढ़ते है उसकी आढ़त सरकार आढ़तियों को पूरी नहीं देती है। सरकार जो एमएसपी पर खरीद करती है उसकी पूरी आढ़त आढ़तियों को नहीं दी जाती है। कोरोना काल के बाद आढ़तियों की आढ़त में कटौती की गई है। चुनाव से 10 दिन पहले सरकार के खिलाफ धरने दिए जाएंगे। सरकार ने आढ़तियों की मांगों को नहीं माना तो चुनाव में सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। पूर्व प्रधान बलराज ने कहा कुरूक्षेत्र के अंदर आढ़तियों की मीटिंग हुई थी। मीटिंग में फैसला लिया था कि जब तक आढ़तियों की आढ़त की मांग है उसको पूरा नहीं करेंगी तब तक आढ़तियों की हड़ताल रहेंगी। 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक 2 घंटे तक का प्रदर्शन करेंगी। 5 अप्रैल तक मांग नहीं मानी तो उसके बाद आढ़ती एसोसिएशन हरियाणा कड़ा फैसला लेगी। सचिव मार्केट कमेटी के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन अपनी मांगों को लेकर देंगे। इस मौके पर रामनिवास करसिंधु, हरदीप डूमरखा, साधुराम खेड़ा, सुरेश खरकभूरा, सुनील रेढ़ू, राजेंद्र बुडायन, राजेश जैन मौजूद रहे।



पूंडरी मार्केट कमेटी कार्यालय में रोष प्रकट करते आड़ती।

### मांगों को लेकर आढ़तियों का धरना

**पूंडरी।** मार्केट कमेटी में अनाज मंडी के प्रधान जयप्रकाश उर्फ जेपी जुड़ के नेतृत्व में आड़तियों ने सांकेतिक धरना दिया। पूरे हरियाणा में दिए जाने वाले धरने के तहत आड़ती भी मार्केट कमेटी के कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर के 10:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 तक धरना दिया और मांग की गेहूं के सीजन को देखते उनकी अढाई प्रतिशत आढ़त देना सुनिश्चित किया जाए। मंडी में या तो बारदाना दिया जाए या फिर अडाणी गोदामों तक किसानों का किराया दिया जाय। अडाणी गोदाम के अंदर किसानों के लिए खाने-पीने और शौचालय की व्यवस्था की जाए। गोदाम में ट्रालियां के लिए टोकन सिस्टम किया जाए। मंडी के पूर्व प्रधान ध्यानचंद मुंदड़ी, पूर्व प्रधान कृष्ण गोयल, कर्मवीर मुंदड़ी, राजेंद्र सिंगला आदि मौजूद रहे।

### मांगें न मानने पर 15 मई से 25 तक धरना प्रदर्शन करने का किया ऐलान

**पाई।** सोमवार को पाई अनाज मंडी के आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर कुछ समय के लिए मंडी में सरकार के प्रति प्रदर्शन किया। आढ़तियों ने बताया कि उनको काफी समय से किसानों की फसल सरकारी एजेंसियों को बेचने पर 2.50 प्रतिशत कमीशन मिलता था। अब सरकार द्वारा लगभग चार पांच वर्षों से धान व गेहूं की सरकारी खरीद पर घटा दिया था, जो आढ़तियों को मंजूर नही। उन्होंने मांग की है कि सरकार गेहूं व धान की खरीद पर सरकार द्वारा मंजूर शुदा 2.50 प्रतिशत कमीशन दिया जाए। बताया कि मार्केट कमेटी के द्वारा जारी लाइसेंस की अवधि जीएसटी की तरह लाइफ टाइम किया जाए। कमेटी द्वारा लगाई गई शर्तें भी हटाई जाए। उन्होंने बताया कि पाई मंडी के आढ़ती आज किसी कारण वंश मार्केट कमेटी में नहीं जा सके, परन्तु कल मंगलवार से मंडी के सभी आढ़ती मार्केट कमेटी के सामने जाकर धरना पांच अप्रैल तक प्रदर्शन करेगें। उन्होंने सरसों की सिधी खरीद करने पर भी ऐतराज किया। सरकार द्वारा उनकी मांगे न मानने पर वे 15 मई से 25 मई तक भी धरना प्रदर्शन करेगें। इस अवसर पर मंडी प्रधान कृष्ण ढुल, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी, राम कुमार, ईशवर, रातपाल, चंद्रभान, जगतार, नवीन आदि उपस्थित थे।

# कैथल में अपराध बिल्कुल भी पनपने नहीं दिया जाएगाः एसपी

- विभिन्न मामलों में संलिप्त 47 आरोपितों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ऑपरेशन आक्रमण को जिला पुलिस ने सार्थक किया गया। पुलिस ने एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अथक प्रयास करते विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 47 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 61 टीमों का गठन किया। जिसमें 220 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते अलग अलग शीर्षक के 20 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 18 मामले व जुआ/सट्टा अधिनियम के 2 मामले शामिल है। पुलिस ने 5 उद्घोषित अपराधियों को भी काबू किया गया। इसके अलावा लावारिश हालात में 2 बाइक बरामद की । इस पर एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का नारा सेवा सुरक्षा सहयोग है जो पुलिस आमजन की जान माल की सुरक्षा को बरकरार रखते अलग अलग तरह के अभियान चला कर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को सार्थक कर रही है। एसपी ने आमजन से भी किसी भी प्रकार की आपराधिक सूचना व शरारती तत्व बारे सूचना देने बारे अपील की है। एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा व जिले में अपराध बिल्कुल भी पनपने नहीं दिया जाएगा।

### शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों के किए गए चालान

**कैथल।** हरियाणा में पुलिस द्वारा एक से सात अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाया गया है। एसपी उपासना ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को जिला कैथल ट्रैफिक पुलिस द्वारा शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों के 10-10 हजार रुपये के चालान किए गए तथा मौके पर इस गाड़ियों की ब्लैक फिल्म उतरवाई गई। एसपी उपासना ने कहा गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। आगे भी पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई दौरान उनके चालान किए जाएगें। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता है। एसपी ने आमजन से अपील करते कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें।

# चीका अनाज मंडी में पहले ही दिन नहीं आई गेहूं

## खरीद अधिकारी मार्केट कमेटी के परिसर में पूरा दिन करते रहे किसानों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित चीका अनाज मंडी में आज गेहूं खरीद के पहले ही दिन गेहूं की एक भी ढेरी नहीं आई, जिस कारण खरीद अधिकारी मार्केट कमेटी के परिसर में सारा दिन हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। प्रदेश सरकार द्वारा अनाज मंडियों में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करने के आदेश जारी हुए थे, जिसको लेकर प्रशासन ने चीका मंडी में भी किसानों की गेहूं को खरीदने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली थी और उम्मीद थी कि मंडी में आज ज्यादा नहीं तो गेहूं की इक्का-दुक्का ढेरी तो जरूर आएगी परंतु मंडी में गेहूं की एक भी ढेरी नहीं आई। उधर गेहूं के स्थान पर मंडी में किसान धान की फसल ले आए। किसानों ने बताया कि यह फसल धान के सीजन में उन्होंने बेचने की बजाए उसका स्टाक कर लिया था और उन्हें उम्मीद थी कि धान के सीजन के बाद रेट बढ़ेंगे और तब वे उसे बेचेंगे ताकि वे मुनाफा कमा सकें। किसान ने बताया कि उनकी धान 4060 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी है। इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश ने कहा कि गेहूं के सीजन को देखते हुए मार्केट कमेटी प्रशासन द्वारा नई अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी में पानी, शौचालय, बिजली व सफाई आदि का उचित प्रबंध कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से किसानों का आह्वान किया गया है कि वे अपनी गेहूं की फसल को साफ करके व सुखाकर ही मंडी में लाएं ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।



गुहला-चीका। अनाज। मंडी में धान की सफाई करते मजदूर।

### तैयारियां पूरी

एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु मार्केट कमेटी चीका के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी खरीद केंद्रों अगौंध, अरनौली, बलबेहड़ा, बाऊपुर, भागल, कम्हेड़ी, भूसला, कांगथली व रामथली में भी नियमित रूप से गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त केंद्रों में भी हैफेड व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी, जिसको लेकर सभी खरीद केंद्रों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## हजारों श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की

# पूजा अर्चना कर मनाई शीतला सप्तमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

दुर्गा मंदिर में शीतला सप्तमी के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। सोमवार को सुबह तीन बजे शुरू हुआ यह मेला दोपहर 12 बजे तक चलता रहा। मेले में सभी बिरादरी के लोगों ने पहुंचकर माता शीतला की पूजा अर्चना की।

भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां शीतला कि पूजा अर्चना कर अपने परिवार कि सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हुई। उन्होंने अपने बच्चों के मुंडन भी करवाए। राजौंद के जो लोग अन्य शहरों में रह रहे हैं वह भी इस दिन शीतला माता के मंदिर में पूजा करने आवश्य पहुंचते है। इस त्यौहार को बासड़ों के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दिन पहले बनाए गए खाद्य पदार्थ सुबह मंदिर में चढ़ाकर पूजा की जाती है। जिन लोगों की मन्नत पूरी होती है वह लोग इस दिन अपने बच्चों का मुंडन भी करवाते है। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र भनोट, सतपाल मित्तल, रोहित बतरा, सुरेश मित्तल, सतपाल शर्मा, सतीश छाबड़ा, बीरा, कीमती, मनमोहन, पंडित रामपाल, नरेंद्र पाल, पीयूष भनोट, सुखदेव शर्मा, सचिन, शुभम शर्मा, रमेश कुमार सहित सबका भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान दुर्गा मंदिर कमेटी ने थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार व पुलिस टीम तथा राजौंद के लोगों का भी आभार प्रकट किया। जिन्होंने शांतिप्रिय ढंग से इस पर्व को मनाने में पूरा सहयोग दिया।



राजौंद। दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# स्वयं को तहसीलदार बताकर 20 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

अज्ञात राजौंद निवासी व्यक्ति को विश्वास में लेकर 20000 ठगकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस शिकायत दी है। ओम प्रकाश निवासी राजौंद ने बताया कि वह पीएनबी बैंक की मित्र ब्रांच में पैसे जमा करवाने के लिए आया था। लेकिन सर्वर डाउन होने से पैसे जमा नहीं हुए वापस जाने लगा तो एक व्यक्ति ने कहा कि मैं राजौंद में तहसीलदार है।

उसने कहा कि मेरे पास तहसील में एक पीएन की पोस्ट खाली है कोई आपका लड़का खाली हो तो मैं उसे नौकरी भी लगवा दूंगा।इतने में एक दुकान में जूस पीने के लिए चले गए, जूस पीकर उसने उसको विश्वास में लेकर पुराने थाने के पास एक कोठी देखने के लिए ले गया। वहां उस व्यक्ति को इधर-उधर से फोन आने लगे। इतने में उसने कहा कि उसके घर से फोन आया है कि उसके ड्राइवर की लड़की गुजर गई है। जैसे तैसे उसने उसको बातों में लेकर 20000 ले लिए और कहा कि मैं तुम्हें तहसील में जाकर यह पैसे दे देता हूं। उसके साथ वह तहसील में गया तो तहसील में बिठाकर वहां से वह अनजान व्यक्ति फरार हो गया।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर आठ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** रंजिश के चलते हमला कर घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुडायन निवासी कुशलपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाट में पशुओं को चारा डालने के लिए जा रहा था। रास्ते में मोती परिवार ने घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### जींद: नेहरू युवा केंद्र ने चलाया सफाई अभियान

**जींद।** नेहरू युवा केंद्र जींद के तत्वाधान में माय भारत स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला जींद के सभी ब्लॉकों में सफाई अभियान चलाए गए। यह अभियान 27 मार्च से लेकर 31 मार्च तक चलाया गया। जींद ब्लॉक में सोमवीर द्वारा स्काउट एंड गाइड के बच्चों के साथ मिल कर शहर के विभिन्न स्थानों व स्कूलों की सफाई की गई और डोर टू डोर वेस्टेज को इकट्ठा किया गया। इन चार दिनों में 175 किलो वेस्ट मटेरियल को इकट्ठा किया।

### जेठानी-बेटी को पीटने पर देवरानी समेत दो नामजद

**जींद।** गांव बुडायन में देवरानी ने बेटी के साथ मिल जेठानी तथा भतीजी पर हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर मां बेटी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बुडायन निवासी रितू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां पंचायती जमीन पर उपले बनाने गई थी। उसी दौरान उसकी चाची सुदेश तथा चचेरी बहन रिंकू ने उसकी मां बाला पर हमला कर दिया।

### लड़की के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाके से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर थाना सफीदों इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 15 वर्षीय पौती घर से गायब हो गई। तलाशने,पूछताछ करने पर उसकी पौती का कोई सुराग नही लगा।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव धरौदी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर गेहूं व अन्य घरेलू सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जाच शुरू कर दी है। गांव धरौदी निवासी राजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर 40 किलो गेहूं तथा अन्य घरेलू सामान को चोरी कर लिया।

### छह तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आपत्ति करें दर्ज

**जींद।** पिछले दिनों ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। किसान अपनी फसल में हुए नुकसान को इस पोर्टल पर अपलोड करें। नुकसान को दर्ज करने की अंतिम तारीख छह अप्रैल है। किसान द्वारा फसल के नुकसान को अपलोड करने के बाद कृषि विभाग द्वारा उसका सत्यापन करवाया जाएगा।

### घरेलू कलह के चलते हत्यारोपित पति दबोचा

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव दनौदा खुर्द में सोटा मार कर पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सुल्तानपुरा आगरा (यूपी) निवासी रवि ने गत 31 मार्च पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बहन पूजा (35) की शादी लगभग 16 साल पहले महेंद्र के साथ हुई थी।

### मूंग-ढैंचा उगाने के लिए अनुदान पर मिलेगा बीज

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर मूंग व ढैंचा का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक किसान विभाग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडॉटहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पर या सीएचसी के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते है।

---

## इंडस स्कूल में फुलवारी द बेबी शो का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नही : सुभाष श्योराण

### छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लुखेड़ा (जूनियर विंग) में फुलवारी द बेबी शो का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में तक्षिशीला एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन एसपी राणा तथा इंडस शिक्षण संस्थाओं के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। शिक्षाविद एवं नेशनल ट्रेनर दिव्या मडोत्रा, समाजसेवी आजाद कुंडू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस समारोह की अध्यक्षता इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह मडोत्रा ने की। इस मौके पर प्रिंसिपल रोहताश मलिक व जूनियर विंग मुख्याध्यापिका ज्योति सैनी ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस बेबी शो में बेस्ट डांसर, बेस्ट आर्टिस्ट, मोस्ट एक्टिव बेबी, बेस्ट ड्रेसड बेबी, मोस्ट स्टाइलिश बेबी, मोस्ट एक्टिव मदर, हेल्दीएस्ट बेबी के साथ-साथ रैंप वॉक एवं फन गेम्स आदि में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी शिरकत कर अपनी प्रतिभा प्रतिभा का जलवा बिखेरा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इंडस शिक्षण संस्थाओं के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते कहा कि इस तरह के आयोजन जहां हमारा मनोरंजन करते हैं वही हमें तनाव मुक्त होकर जीवन जीने की कला सिखाते हैं। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थी आज शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक, ओलंपियाड, विज्ञान प्रतियोगिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सुभाष श्योराण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें स्टीक मार्गदर्शन और दिशा देने की आवश्यकता है। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन श्री सुरेन्द्र मडोत्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वासवर्धन के साथ साथ रचनात्मकता का गुण भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए निरंतर आधुनिक शिक्षा उपकरणों के माध्यम से शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्प है। विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए समय-समय पर सेमिनार, स्वास्थ्य जांच, खेलकूद, जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। जिससे विद्यार्थी भविष्य में एक श्रेष्ठ एवं संस्कारवान नागरिक बन कर देश निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस मौके पर आजाद कुंडू ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के रूप में जो पौधा लगा था आज वह विशाल वृक्ष बन कर फल देने लगा है। यहां के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना कर पिल्लुखेड़ा क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल प्रिंसिपल रोहताश मलिक एवं जूनियर विंग मुख्याध्यापिका 'योति सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए अवसर प्रदान करना है। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता तथा दादा दादी ने भी विभिन्न गतिविधियों में शिरकत कर समा बांध दिया तथा कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया।





जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे, गणमान्यों को सम्मानित करते सुभाष श्योराण। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे विजेता

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बेस्ट एक्टिव मदर का खिताब सोनिया तथा पिंकी ने जीता। मोस्ट एनर्जेटिव मदर सीमा बनी। मायरा तथा वेदांशी मोस्ट एक्टिव बेबी रहे। बेस्ट डांसर का पुरस्कार याशिका, लावण्या, पूर्वी व हनी ने जीता। प्रणवी, सानवी तथा भाविश बेस्ट एक्टर बने। इस अवसर पर सरोज कुमारी व सुमन कुंडू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई तथा मंच का संचालन कोऑर्डिनेटर अर्जिता गुप्ता तथा कुसुम शर्मा द्वारा बखूबी किया गया। सभी विजेताओं तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

---



जींद। टेकराम कंडेला के साथ किसान नेता। *फोटो: हरिभूमि*

## किसानों व सामाजिक मुद्दों को लेकर आवाज उठाना मेरा कर्तव्य : टेकराम

- 21 अप्रैल को सर्वखाप जन कल्याण मंच किसान मजदूर यूनियन की बैठक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि वह लंबे समय से किसानों के सामाजिक मुद्दों को उठा कर संघर्ष करते आ रहे हैं। जैसे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करवाना, फसलों पर एमएसपी की गारंटी दिलवाना, मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ना, प्राकृतिक खेती व मोटी खेती को बढ़ावा देना, किसान सम्मन निधि को बढ़वाना, हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव, लीव इन रिलेशनशिप कानून खत्म करना, नशे को रोकना आदि हैं। इन्ही मुद्दों को लेकर सर्वखाप जन कल्याण मंच व किसान संगठन की बैठक कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर 21 अप्रैल को होगी। इसमें सभी पार्टियों के घोषणा पत्र पर भी चर्चा की जाएगी। आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। कंडेला ने कहा कि राजनीति करना उनके लिए जनसेवा का माध्यम है। जिला जींद हमेशा राजनीति का केंद्र बिंदू रहा है। यहां पर सभी राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ सिद्ध किया है व लोगों को गुमराह किया है। जिला जींद संघर्ष की धरती रहा है परंतु जिला जींद विकास व रोजगार की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा जींद में एक औद्योगिक कारखाना स्थापित किया जाना चाहिए। जिसमें कम से कम 25 हजार युवाओं को रोजगार दिया जा सके। 21 अप्रैल को होने वाली बैठक के लिए हरियाणा के सभी जिलों में व राजस्थान, दिल्ली, पंजाब सभी रा'यों में पत्रकार वार्ता करेंगे ताकि संगठनों को और मजबूत बनाया जा सके। हरियाणा किसान यूनियन प्रधान हजूरा सिंह व सर्वजातीय कंडेला खाप महासचिव रामदिया नंबरदार ने कहा कि किसान आंदोलन को टेकराम कंडेला ने ही नई जान दी थी। कंडेला सामाजिक व किसानों के मुद्दों को उठाते आए हैं। इस मौके पर अभेराम कंडेला, राकेश तलोडा, छ'जूराम, बेदू कंडेला, बीरा दालमवाला, अजमेर दालमवाला, ईश्वर दत्ता, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

---

## रा.स्कूलों में एडमिशन करवाने का आह्वान

- खंड शिक्षा अधिकारी ने अभियान की हरी झंडी देकर शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ नरवाना व उझाना ने स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने में नामांकन अभियान का किया आगाज। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद के जिला महासचिव अश्विनी ने अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा एडमिशन राजकीय विद्यालयों में करवाने का आहान किया। नरवाना व उझाना खंड के प्रैस प्रवक्ता राजेश टांक, प्रदीप जागलान ने अपने सांझे ब्यान में नामांकन अभियान और राजकीय विद्यालयों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने विद्यार्थियों को फूलों की माला डालकर और मिठाई खिलाकर नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत की। इसी कड़ी में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बेलरखा में 21 बच्चों का नामांकन किया गया। राजकीय विद्यालयों में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए राजकीय स्कूलों में पढ़ाने वाले प्रशिक्षित शिक्षकों, प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए नामांकन अभियान को जोर से चलाने और बच्चों को बुनियादी शिक्षा से संबंधित निपुण बनाने का आहवन किया। प्रधान सोमदत्त, मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान, कोषाध्यक्ष नत्थूराम, विरेंद्र बेनीवाल, प्रदीप कुमार, रणवीर, राकेश, दिलावर, पुष्पा सैनी, रामबिलास, रविंद्र, गोयल आदि मौजूद रहे।



उचाना। नामांकन अभियान की शुरुआत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन हो गया। सुबह के समय छात्राओं ने योगासन एवं प्राणायाम से दिन की शुरुआत की। इसके बाद समापन समारोह की तैयारियों में सभी राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने अपनी भागीदारी दिखाई। समापन कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. अंशु ने प्राचार्या डा. पूनम का स्वागत किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों के गतिविधियों की झलकियां प्रस्तुत की गई। छात्राओं ने कार्यक्रम में देशभक्ति एवं राष्ट्र सेवा विषय पर अलग-अलग कविताएं, भाषण और गीत प्रस्तुत किए गए। चारुल और तनु द्वारा सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी गई। कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम ने स्वयंसेवकों को बताया कि इस तरह के कैंप में सभी छात्राओं को अपनी-अपनी प्रतिभाओं को पहचानने का सुअवसर मिलता है।

## रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

- राजकीय महाविद्यालय से स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने एवं नव मतदाताओं व नव विवाहित महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप टीम के माध्यम से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को राजकीय महाविद्यालय से कार्यक्रम के तहत कालेज के छात्रों ने हरियाणवी पगड़ी पहनकर मतदाताओं को वोट के प्रति सजग करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व पद्मश्री महावीर गुड्डु ने किया। प्रधानाचार्य सत्यवान मलिक ने रैली के दौरान पात्र युवक युवतियों को वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने बारे जोर देते हुए कहा कि आप 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा कर वोटर्स सूची में सम्मिलित होकर आम चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति डालने का काम करें। इससे मतदाता की मनपसंद एक स्थाई व निष्पक्ष सरकार बनेगी तथा एक एक वोट देश के भविष्य निर्माण की साक्षी बनेगी। इस अवसर पर स्वीप टीम के नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई विभिन्न मोबाइल एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




जींद। हरियाणवी पगड़ी पहन मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

---




जींद। आधारशिला स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### अभिभावकों के आशीर्वाद से होंगे काम सफल : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में नए सत्र के प्रारंभ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ हवन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विद्यालय चेयरमैन संदीप सिहाग रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से नए छात्रों का स्वागत किया। इसमें बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य आदि के माध्यम से अपने भावों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में विद्यालय की निदेशक अंजू सिहाग ने बताया कि हमें किसी भी कार्य का आरंभ अपने अभिभावकों एवं अपने गुरूजनों के आशीर्वाद से करना चाहिए। यज्ञ, हवन हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे पुनीत संस्कार है। वहीं चेयरमैन ने बताया कि किसी भी कार्य का आदि जितना अच्छा होगा, उसका अंत भी उतना ही सुखदायी होगा। उन्होंने सभी छात्रों को आशीष देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मेधावियों का किया सम्मान

- सुप्रीम सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सुप्रीम सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि रामफल अत्री ने शिरकत की। साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को इनाम देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 9वीं व 11वीं के छात्रों की कड़ी मेहनत आज रंग लाई है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के परीक्षा परिणाम की खुशी विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके की। प्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सरी में प्रथम स्थान अराध्या, दीक्षित, गुणज, अभिनव, एलकेजी कक्षा में हर्षित, हरषु, दूर्वा, रुद्रा, यूकेजी में अपराजिताए साहस, सिद्धार्थ, परम कुंज, परिधि, निकुंज, क्लास प्रथम में प्रियल, लक्षवि, क्लास द्वितीय में तेजस्वी, रक्षित, क्लास तृतीय में मुकुल, अरमान, कक्षा चौथी में अंकुश, रिया, क्लास 5वीं में सानवी, संयम, क्लास छठी में नव्या, तनीषा, क्लास सातवीं में वंशिका, चेतना, क्लास आठवीं में अनाया, स्वाति, अमानत, कक्षा नौवीं में सरिका, देव, 11वीं आर्ट्स स्ट्रीम में सुखपाल, कक्षा 11वीं नॉन मेडिकल स्ट्रीम में रजत मान, कक्षा ग्यारहवीं मेडिकल स्ट्रीम में अंकिता कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स स्ट्रीम में ज्योति ने प्रथम स्थान हासिल किया।



जींद। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*



जींद। हवन यज्ञ में आहुति डालते स्टाफ सदस्य और बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### डीएन मॉडल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ यज्ञ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो और प्राचार्या राज रेढू ने किया। अध्यापकों और सभी विद्यार्थियों ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। विद्यालय निदेशक वीरेद्र ढिल्लों ने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत करवाया। विद्यालय प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी और अभिनंदन किया। बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। यज्ञ की पवित्र आहुति से सभी विद्यार्थियों में नया जोश, नई उमंग और नया उत्साह भर गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया।

---

## दिव्यांगों को केंद्र तक लाने व घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा मिलेगी

# नेत्रहीन के लिए फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में

- दिव्यांग मतदाता सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं ले जा सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैंप और परिवहन की सुविधा शामिल है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और अशक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबा कर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।



जींद। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते मनीष फौगाट।

#### दिव्यांग सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं ले जा सकते

सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं। उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैंप की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही उनकी सहायता के लिए रेडक्रॉस द्वारा वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबा कर वोट डालने में समर्थ हैं उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं। परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

#### सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनीष कुमार फौगाट ने कहा कि उपमंडल के सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप, व्हीलचेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को उपमंडल सफीदों के लगभग एक दर्जन से अधिक गांवध्शहर वार्ड के 30 मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए चुनाव कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। सफीदों में मतदान आगामी 25 मई को होगा। अधिकारी उपमंडल में स्थापित सभी बूथों पर चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी।



उचाना। संस्कार पाठशाला में पहुंचे बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### जीवन में संस्कार, नैतिकता जरूरी : साध्वी श्रेया

**उचाना।** साध्वी श्रेया महाराज, साध्वी संयता ने कहा कि जीवन में संस्कार, नैतिकता जरूरी है। बचपन से ही बच्चों के अंदर संस्कार पैदा करने की जिम्मेदारी माता-पिता की होती है। जीवन में संस्कार है तो सब कुछ है। बिना संस्कार के जीवन नहीं है। बच्चे सबसे पहले मां से सीखते है। मां को चाहिए कि वो घर पर बच्चों को संस्कार दे। जीवन में संस्कार, नैतिकता जरूरी है। संस्कार, नैतिकता नहीं होगी तो जीवन में कामयाब नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा कि बड़ौदा जन स्थानक में बच्चों को नैतिकता, संस्कार का पाठ पढ़ाया जा रहा है। हर रोज बच्चों को जीवन में माता-पिता, बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जीवन में सब कुछ हमारे है लेकिन संस्कार, नैतिकता नहीं है तो जीवन में कुछ नहीं है। अनुशासन भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### कई मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अलग-अलग मामले में 5 उद्घोषित आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एएसआई राजकुमार की टीम ने पाई निवासी आरोपी सुनील को काबू कर लिया गया। आरोपी पर 8 जुलाई 2020 को हरसोला शराब ठेका पर अपने साथी के साथ मिलकर करींदो पर गोली चलाकर कातिलाना हमला करने के आरोपी है।

### लोस चुनावःवाहनों के रेट किए निर्धारित : प्रशांत

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि आगामी लोकसभा में उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्च के आंकलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा चुनाव में प्रयोग होने वाले वाहनों के रेट निर्धारित किए गए हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के वाहन जैसे लग्जरी गाड़ियां, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, ट्रक, टेंपो आदि शामिल हैं। लोकसभा उम्मीदवार चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार कुल 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है।

### बाइक चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच चौंकी पूंडरी पुलिस के एचसी गुरदेव द्वारा करते हुए आरोपी पूंडरी निवासी बलराज को काबू कर लिया गया। बरसाना निवासी शमशेर सिंह की शिकायत अनुसार 21 मार्च को उसकी बाइक पूंडरी स्थित उसकी दुकान से बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। आरोपी के कब्जे से बाइक बरामद कर ली गई।

### मालिक की स्वीकृति बिना नहीं लगा सकते पोस्टर

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति, राजनीतिक दल या चुनाव उम्मीदवार बिना सम्पति मालिक की स्वीकृति के पोस्टर, बैनर या स्लोगन आदि नहीं लगा सकता है। ऐसा करने के लिए संबंधित संपत्ति के मालिक से पूर्व में लिखित रूप से स्वीकृति लेनी होगी। बिना लिखित स्वीकृति के ऐसा करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कहा कि आदर्श आचार संहिता, हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट व म्यूनिसिपल लॉ के अनुसार निजी या सरकारी संपत्ति पर मालिक की लिखित स्वीकृति के बिना किसी प्रकार का पोस्टर नहीं लगा सकते।

## गोल्ड लाइफ स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

# छात्रों को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर पुरजोर मेहनत करने का संकल्प दिलाया

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति। *फोटो : हरिभूमि*

राजौंद में गोल्ड लाइफ स्कूल में सेमिनार के माध्यम से वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस दौरान युलो स्कूल सक्सेस मैनेजर पूजा जाकलानी एरिया मैनेजर एमबीडी अनिल भारद्वाज स्कूल सक्सेस मैनेजर एमबीडी सुआलीहा व मिस्टर आकाश कार्यक्रम में मौजूद रहे। गोल्ड लाइफ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह ने इन सबका स्कूल में पहुंचने पर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि हम स्कूल में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए युलो टीम से जुड़े हैं ताकि हम अपने बच्चों को शहरी स्कूलों की तरह उन्हें कामयाब बना सके। युलो अप्प की मैनेजर पूजा ने सेमिनार में उपस्थित माता-पिता को समझाया कि जब तक आप अपने बच्चो का पढ़ाई में सहयोग नहीं करेंगे तब तक आपके बच्चे कामयाब नहीं हो पाएंगे। इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों को समय जरूर देना चाहिए। विद्यालय में इस स्तर से कोडिंग, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और स्पोकन इंगलिश को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। ताकि भविष्य के लिए बच्चों को तैयार किया जा सके। इसके अतिरिक्त नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 को भी विद्यालय के इस सत्र से लागू किया गया है। सेमिनार में आएं माता.पिता के लिए स्कूल द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। सेमिनार के मध्य में बच्चों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आएं सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्याध्यापक ने स्कूल टीचर मोनिका, हनी सिंह, कुलबीर, निशा मैम, शिवानी मैम और सुनील ढुल को उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए बच्चों अध्यापकों व उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने सबको जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने पुरजोर मेहनत करने का संकल्प भी दिलाया।



**गुहला-चीका।** स्कूल में नए स्तर पर हवन यज्ञ में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीएम इन्टरनेशनल स्कूल में हवन के साथ नए स्तर का शुभारंभ

**राजौंद।** राजौंद के एस डी एम इन्टरनेशनल स्कूल में नए स्तर का शुभारंभ हवन यज्ञ करके किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक व स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के साथ मां सरस्वती का पूजन कर हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस दौरान शास्त्री राजीव कौशिक ने बताया कि हवन करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है व वातावरण भी शुद्ध होता है। इस दौरान स्कूल डायेक्टर अश्वनी शर्मा ने बच्चों को पढ़ो व आगे बढ़ो का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को सफल होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान विरेन्द्र, जयभगवान, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, सोनू, प्रिया, विभा, कमलेश सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**गुहला-चीका।** गुहला चीका आचार्य हरिओम शोकल के जन्म दिवस के मौके पर यज्ञोत्सव करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### उच्च लक्ष्य बनाएं और प्राप्त करने के लिए ईमानदारी सत्य निष्ठा और मेहनत के साथ भरसक प्रयत्न करें

**गुहला-चीका।** सरस्वती मिडिल स्कूल चीका के संचालक एवं पतंजलि जिलाप्रभारी आचार्य हरिओम शोकल के 66 वें जन्म दिवस समारोह के मौके पर स्कूल प्रांगण में 71 कुंडीय मंगल यज्ञोत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा के सदस्य हर्षित शर्मा ने बताया कि आचार्य हरिओम न केवल एक सक्रिय सामाजिक व्यक्ति हैं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त के साथ साथ योगाचार्य भी हैं। वे नागरिकों और देश को हमेशा अतुलनीय योगदान से विकसित और समृद्ध बनाने में मदद कर रहे हैं। सोमवार को ही कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों का नव सत्र का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने हवन किया। आचार्य हरिओम शोकल ने बताया कि हवन यज्ञ मानव जीवन का अभिन्न अंग है। बच्चों को समय की महत्ता बताते कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे अनमोल समय होता है। यह समय हमारे भविष्य की नींव रखता है। सदैव उच्च लक्ष्य बनाएं और उसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी, सत्य निष्ठा और मेहनत के साथ भरसक प्रयत्न करें। इस मौके पर ईश्वर चंद, डिंपल कुमार, पंडित सत्यवीर शास्त्री, संदीप शोकल, अमित जिंदल, दीपक कुमार अंगुरी देवी आदि उपस्थित थे।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, आढ़ती- मजदूर दुःखीः गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



बजरंग दास गर्ग

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने प्रदेश के विभिन्न मंडियों का दौरा करने के उपरान्त कहा कि सरकार की गलत नीतियों से आढ़ती, किसान व मजदूर लगातार बर्बाद होता जा रहा है। सरकार ने पहले गेहूं व धान पर आढ़तियों का कमीशन काट कर काम कर दिया और अब सरकार मंडियों को बर्बाद करने के लिए सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं कर रही है जिसके कारण हरियाणा के व्यापारी, किसान, मजदूर में सरकार के प्रति बड़ा भारी रोष है। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुज्जर ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा सरसों की पैदावार का लगभग 22 प्रतिशत सरसों किसान की सरकार खरीद करेगी अगर सरकार 22 प्रतिशत सिर्फ सरसों खरीद करेगी तो 78 प्रतिशत सरसों किसान को मजबूरी में औने-पौने दामों में बेचनी पड़ेगी, जिससे किसानों को बढ़ा भारी नुकसान होगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को किसान की हर फसल पहले की तरह मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीद करनी चाहिए और सरकार को आढ़तियों को पहले की तरह गेंहू व हर फसल खरीद पर आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत दामी देनी चाहिए। जबकि आढ़ती सरकार को मार्केट फीस, वेट कर, इनकम टैक्स, जीएसटी, एक्साइज ड्यूटी, लाइसेंस फीस आदि हर प्रकार के टैक्स अदा कर रहा है। अगर आढ़तियों को फसल खरीद पर आढ़त नहीं मिलेगी तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। मंडी में हजारों व्यापारी, लाखों मजदूर, ट्रांसपोर्टर मुनीम आदि सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं अगर मंडियां बंद हो गई तो लाखों लोग बर्बाद हो जाएंगे।

# एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया

- नवीन जिंदल बोले : जिस विकसित भारत की नींव मोदी ने रखी है उसे और मजबूती देनी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




**पूंडरी।** बैठक के दौरान मंचासीन नवीन जिंदल। *फोटो : हरिभूमि*

जन्नत पैलेस पूंडरी में गत देर सांय कार्यकर्त्ता सम्मेलन में पहुंचे भाजपा लोकसभा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने का भारत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा और जिस विकसित भारत की नींव उन्होंने रखी है उसे और मजबूती देनी है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, कैबिनेट मंत्री सुभाष सुधा, लोकसभा के सह-संयोजक सुभाष हजवाना, विधानसभा संयोजक चौ. तेजवीर सिंह व सतपाल जांबा विशेष तौर पर मौजूद रहे। नवीन जिंदल ने कहा कि आज बाऊजी स्व. ओ.पी. जिंदल की पुण्यतिथि है और उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर लोकसभा क्षेत्र में समाज सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। जिंदल ने कहा कि वे यहां नए नहीं है बल्कि पिछले 30 साल से उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा की सेवा करने का अवसर पहले भी मिला है और अब भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और संस्कारवान कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को और मजबूती देते हुए लोकसभा में विकास के नए आयाम स्थापित करने हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पी.एम. नरेंद्र मोदी व संगठन का जो 400 पार सीटो का लक्ष्य है, उसको हम सब ने मिलकर पूरा करना है और जो अधूरे विकास कार्य रह गए थे, उन्हें पूरा करने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। नवीन जिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश हित में हमेशा काम किया है और कई ऐतिहासिक फैसले लेकर देश का डंका विदेशों में भी बजाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोकसभा सांसद रहे नायब सैनी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया है, जिससे यहां का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को गौरवशाली महसूस करता है। नायब सिंह सैनी एक साधारण व्यक्तित्व वाले सीएम है।




### ग्योंग में प्रवेशोत्सव पर छात्रों को किया सम्मानित

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गयोंग मे 1 अप्रैल को 2024-25 के शुभारंभ मे प्रवेश उत्सव धूम-धाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नये दाखिल हुए छात्रों को प्रधानाचार्य जयपाल सिंह और समस्त स्टाफ सदस्यगण ने फूल माला पहना कर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके साथ-साथ छात्रों को नई पुस्तकें वितरित की गई और रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और समापन समारोह पर छात्रों को हलवा खिलाया गया। प्रधानाचार्य जयपाल सिंह ने अगले स्तर के लिए विद्यालय की नीतियों और नए स्टाफ के बारे में बताया। इस अवसर पर नरेंद्र पाल, यतेंद्र ,कमलेश रानी,अनूप धीमान, मोहनलाल, नीतू गर्ग,नीलम रानी वी टी, मीना शर्मा,रणदीप सिंह संजय गुप्ता, डिम्पल देवी, रामकुमार, राजकुमार श्रुति गुप्ता सोनिया उपस्थित रहे।

# सुंदर प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने लूटी वाहवाही

- श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पूंडरी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** वार्षिकोत्सव में भाग लेते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

श्वेता रॉयल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी में वार्षिकोत्सव बजे ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के अधिकतर छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ बढ-चढकर भाग लिया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ डीएसपी ललित यादव ने माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्र'वलित करके किया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता वाचन, हरियाणवी नृत्य, नाटक, पंजाबी गिद्धा, गरबा, घूमर व अन्य राज्यों की सभ्यता और संस्कृति की झांकिया प्रस्तुत की गई। सोशल मीडिया व शिक्षा के महत्व पर रंग-मंच मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया व प्राचार्या प्रियंका वालिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को अधिवक्ता गौरव वालिया व दीपक वालिया ने ललित यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के सदुपयोग, सदाचार, नैतिक व व्यावहारिक शिक्षा के बारे में बताया। मंच संचालन हिंदी प्राध्यापक खुशी राम व विद्यार्थियो ने किया। इस अवसर पर सभी स्कूल स्टाफ भी मौजूद था।

# हर दुकान पर बारदाना पहुंचाया जाएगा : रूलदू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



रूलदू राम

चीका अनाज मंडी में 3 अप्रैल को होने वाले प्रधान पद के चुनाव में प्रत्याशी रुलदू राम ने सोमवार को चुनावी घोषणा पत्र जारी करते कहा कि यदि वे मंडी के प्रधान बने तो गेहूं के सीजन में हर दुकान पर बारदाना पहुंचाया जाएगा और किसी भी आढ़ती को बारदाना लेने के लिए सम्बन्धित एजेंसियों के कार्यालयों के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। कहा कि मार्केट कमेटी द्वारा हर दुकान पर जाकर सभी आढ़तियों की ढेरियां लिखी जाएंगी तथा सीजन में गेहूं की लोडिंग के दौरान किसी भी प्रकार की धांधली नहीं होने दी जाएगी। कहा कि गेहूं के उठान कार्य को लेकर आढ़तियों को उनके नम्बर के हिसाब से ट्रक दिए जाएंगे। दोनों मंडियों में सीजन के दौरान होने वाली चोरियों को रोकने के लिए चौकीदार का विशेष प्रबंध किया जाएगा तथा किसी भी राजनैतिक पार्टी के कार्यक्रम में आढ़ती एसो का कोई भी खर्च नहीं होने दिया जाएगा। आढ़तियों का आह्वान किया कि प्रधान पद के चुनाव को लेकर बस के चिन्ह पर मोहर लगा उन्हें विजय दिलवाएं।

# नशा सेहत के लिए हानिकारक

- पुलिस ने जाट ग्राउंड, चंदाना व प्रताप गेट पर खिलाड़ियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** नशे के खिलाफ जागरूक करते। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा जाट ग्राउंड, चंदाना गेट व प्रताप गेट कैथल पर खिलाड़ियों सहित आमजन को नशा न करने बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी व युवा वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस ने उनका नशे छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तस्करों पर भी पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है।

## पंजाबी सेवा सदन में सात अप्रैल को समारोह होगा

# सामूहिक विवाह समारोह में 15 जोड़े जीवनसाथी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन के पदाधिकारी बैठक करते हुए।

सेवा संघ संस्था द्वारा 7 अप्रैल को पंजाबी सेवा सदन में आयोजित होने वाले 16वें गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में 15 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेंगे। यह जानकारी सेवा संघ के संस्थापक एवं प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा ने दी। पाहवा सामूहिक विवाह समारोह के प्रबंधों के लिए ली गई बैठक में बोल रहे थे, उन्होंने बताया कि गांव भाम्बोली जिला यमुनानगर डेरा के बाबा प्रमुख समाज सेवी संत बाबा जसदीप सिंह कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे तथा हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री के मुख्य मीडिया कोऑर्डिनेटर रहे। सरदार रमनीक सिंह मान बतौर मुख्य अतिथि नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, समाज सेवी डॉ. डीपी गुप्ता, कमल अहुजा तथा वरिष्ठ पत्रकार सतीश सेठ समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि महंत हरिश शास्त्री, स्वामी राघव दास शास्त्री, महंत रमनपुरी, बाई सार शरणानंद तथा बाबा रजनीश शाह वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे। जिन जिन महानुभवों ने एक-एक कन्यादान करने का बीड़ा उठाया है और एक एक विवाह के खर्च को वहन किया है, उनमें डॉ. एम.एस. शाह, कवल अहुजा, सतीश सेठ, हरजीत सिंह, पवन यादव, दुर्गा देवी, मेला राम तथा दर्शन लाल मनचंदा मुख्य रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 15 कन्याओं के विवाह हेतु सभी प्रबंध करने की दायित्व कार्यकर्ताओं को सौप दिए गए हैं।

### सूचना

मैं, कुलदीप पुत्र श्री रामेश्वर निवासी ऑल पट्टी गांव कैलरम, तहसील कलायत व जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पिता रामेश्वर, माता संतरो देवी, छोटा भाई सुखविन्द्र, बहन कुसुम देवी से कोई ताल्लुकात/ वास्ता ना रहा है। यदि मैं किसी से भी किसी प्रकार का पैसों संबंधी या अन्य लेनदेन करता हूं तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग मामलों में दो सटोरिये गिरफ्तार

**कैथल।** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 4870 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई। सिरटा रोड कैथल के पास सड़क पर एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर काबू कर लिया।

### संविधान की सुरक्षा के लिए लड़ेंगे लड़ाई

**नरवाना।** नरवाना रेलवे स्टेशन के पास पब्लिक धर्मशाला में आदर्श जाट महासभा द्वारा दो दिवसीय संस्कार व चिंतन शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासभा के राष्ट्रीय प्रधान पवनजीत सिंह बनवाला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि संविधान की सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

### प्रत्योक गांव में एक ग्राम प्रमुख का होगा गठन

**जींद।** भाजपा जिला किसान मोर्चा की बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश शदव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्यातिथि के तौर पर लोकसभा प्रभारी सुमित हुड्डा, सह प्रभारी राजेश फोगाट, जिला प्रभारी प्रदीप देशवाल ने शिरकत की। प्रदीप देशवाल ने बताया कि पार्टी की स्थापना दिवस से पहले प्रत्येक गांव में एक ग्राम प्रमुख का गठन किया जाएगा। पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रत्येक ग्राम प्रमुख के घर पर पार्टी झंडा फहराना है और जिला स्तर प्रकल्पों का गठन करने बारे में संगठनात्मक दिशा निर्देश दिए।

### चिराग का जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में चयन

**राजौंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी किए गए परिणाम में सत्य भारती स्कूल रसीना के छात्र चिराग का चयन होने पर स्कूल में खुशी का माहौल। चिराग के चयन पर सत्य भारती स्कूल रसीना व गांव में खुशी का माहौल है। इस दौरान अभिभावकों ने बच्चों की इस सफलता का श्रेय स्कूल के मेहनती स्टाफ व चिराग की मेहनत और लगन को दिया। इस दौरान चिराग के अभिभावकों ने बताया कि चिराग शुरू से ही पढ़ने में बहुत होशियार है और वह बड़ा होकर फोज सेवा में जाना चाहता है। अपने देश की रक्षा करने का विचार मन में शुरू से ही लिए हुआ है।

### भाविप भूतेश्वर शाखा कार्यकारिणी का गठन

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा की आगामी वर्ष के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नारिश रोहिल्ला को अध्यक्ष, मनधीर कौशिक को सचिव, एडवोकेट अंकुश शर्मा को सहसचिव, संदीप बंसल को कोषाध्यक्ष, रीटा बंसल को शाखा की महिला प्रमुख, एडवोकेट सुरेश कुमार गोयल को उपाध्यक्ष सेवा, बालकिशन बंसल उपाध्यक्ष संस्कार एवं सुरेंद्र सेन को उपाध्यक्ष संपर्क की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस चुनाव प्रक्रिया को प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता की अगुवाई में कराया गया। वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, चमन लाल ग्रोवर, परमजीत सेठी, एडवोकेट अतुल आदि मौजूद रहे।

---

### क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट का नहीं किया कांट्रेक्ट रिन्यू

# चार सदस्यीय चिकित्सक कमेटी कर रही है जांच

- क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के खिलाफ मिली शिकायत की चल रही है जांच
- दिनेश कटारिया के खिलाफ अधिकारियों के आदेश नहीं मानने के आरोप


डा. गोपाल गोयल।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के पद पर नियुक्त दिनेश कटारिया का कांट्रेक्ट स्वास्थ्य विभाग ने रिन्यू नहीं किया है। दिनेश कटारिया के खिलाफ जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इसमें आगे कार्रवाई होगी। एनएचएम के तहत मेंटल हेल्थ में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के पद पर कई साल से कार्यरत दिनेश कटारिया के खिलाफ अधिकारियों के आदेश नहीं मानने और ड्यूटी सही तरीके से नहीं करने के आरोप थे। सोमवार को उनका आगे एक साल के लिए कांट्रेक्ट रिन्यू करने से मना कर दिया गया है। एनएचएम कर्मचारियों के कांट्रेक्ट हर साल रिन्यू होते हैं। इसी प्रावधान के तहत मेंटल हेल्थ के डिप्टी सिविल सर्जन ने क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट दिनेश कटारिया का कांट्रेक्टर रिन्यू करने से मना करते हुए मेंटल हेल्थ के बाकी सभी कर्मचारियों के कान्ट्रेक्ट रिन्यू कर दिए।

#### एक और शिकायत की जांच बाकी

दिनेश कटारिया के खिलाफ एक और गंभीर शिकायत की जांच लंबित है। उनके खिलाफ पछले दिनों सिविल सर्जन, डीसी, एसपी, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक, स्वास्थ्य मंत्री, पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार तथा जींद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पास शिकायत की गई थी। शिकायत में हिसार के विकास ने कहा था कि दिनेश कटारिया एनएचएम के तहत मेंटल हेल्थ विभाग में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के पद पर नियुक्ति ही अवैध है। इस पद पर नियुक्ति के लिए क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट का आरसीआई (रिहैबिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया) से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हैए जबकि दिनेश कटारिया के पास आरसीआई का रजिस्ट्रेशन नहीं है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सिविल सर्जन को 10 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट करने को कहा था। यह मियाद पूरी हो चुकी है, मगर अभी तक जांच कर रिपोर्ट जिला एवं सत्र न्यायाधीश को नहीं भेजी गई है। इस मामले ने भी दिनेश कटारिया की मुश्किलें पहले से बढ़ाई हुई थी। अब उनका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं होने से कटारिया की मुश्किल और ज्यादा बढ़ गई हैं। वहीं इस मामले में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आरटीआई भी लगाई है। जिसमें कई मदों पर जवाब-तलबी की गई है।

#### जांच पूरी होते ही न्यायाधीश को भी सौंपी जाएगी

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि दिनेश कटारिया के मामले में जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भी सौंपी जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दिनेश कटारिया के कांट्रेक्ट को लेकर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल कांट्रेक्ट नहीं बढ़ाया गया है।

---

# भारी मतों से जीतेंगे मोहन लाल बड़ौली: बचन आर्य

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का सपना होगा साकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

आर्य सदन में भाजपा कार्यकर्त्ताओं की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्यातिथि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के भाई माई राम बडौली ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने की। इस मौके पर जुटे हजारों कार्यकर्त्ताओं ने माई राम बडौली व बचन सिंह आर्य को फूलों की मालाएं व पगड़ियां पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। अपने संबोधन में माई राम बड़ौली ने अपने इस बेहतरीन मान-सम्मान के लिए पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य व कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त किया और निवेदन किया कि प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को अधिक से अधिक संख्या में जीताकर लोकसभा में भेजें ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का सपना पूरा हो सकें। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से मोहन लाल बडौली को टिकट देकर भेजा है। सफीदों विधानसभा क्षेत्र की बहादुर जनता अपना पिछला इतिहास दोहराते हुए सफीदों क्षेत्र से सबसे अधिक मतों से जीताकर मोहन लाल बडौली को भेजने का काम करेंगे। सफीदों की जनता व कार्यकर्त्ताआ जो ठान लेते हैं, उसे वे पूरा करके दिखाते है। पिछले दो लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को पूरे लोकसभा में सबसे अधिक वोटों से जीताकर भेजा था और इस बार भी वहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है और देश की जनता ने प्रधानमंत्री को 400 सीटों के पार पहुंचाने की गारंटी दी है और इस गारंटी में सफीदों विधानसभा क्षेत्र का नाम भी शामिल होगा।


**सफीदों।** प्रत्याशी के भाई माई राम बडौली व पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का अभिनंदन करते हुए कार्यकर्त्ता। *फोटो : हरिभूमि*

---



### जिंदल ने कुलवंत बाजीगर को दी जन्मदिन की बधाई

**गुहला-चीका।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिन्दल ने गुहला चीका के पूर्व विधायक और पार्टी के जुझारू नेता कुलवंत बाजीगर को जन्मदिन की बधाई दी और क्षेत्रवासियों से वोटरूपी समर्थन और आशीर्वाद मांगा। राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधायकी कुलवंत बाजीगर और भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवीन जिन्दल को भारी मतों से जिताने की अपील की। यहां अग्रवाल धर्मशाला और मां बनभोरी देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जिन्दल ने सबसे पहले कुलवंत बाजीगर को जन्मदिन की बधाई दी और क्षेत्र के विकास के लिए उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने आभार व्यक्त किया कि 2014 में गुहला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उन्हें 20 हजार से अधिक मतों से विजयी बनाया था।

---

## कानूनी जागरूकता शिविर आज से शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो अप्रैल से 30 अप्रैल तक विभिन्न गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पैनल अधिवक्ताओं द्वारा हालसए नालसाए कानूनी जानकारी व मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा और आमजन को इन शिविरों में ये भी समझाया जाएगा कि मतदान करना आपका लोकतंत्र अधिकार है अगर कोई व्यक्ति मतदान के प्रति आपको किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी तुरंत जिला प्रशासन को दें। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने जागरूकता शिविरों के बारे में बनाए गए शैडयूल की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दो अप्रैल को गावं तलौड़ा खेड़ी व तलौड़ा में पैनल अधिवक्ता विज्ञान मोहन, तीन अप्रैरल को पैनल अधिवक्ता सोमपाल द्वारा गांव अलेवा व हसंनपुर में, चार अप्रैल को पैनल अधिवक्ता संदीप द्वारा गांव ढिगाना व पड़ाना में, पांच अप्रैल को पैनल अधिवक्ता संदीप कुमार द्वारा गांव खटकड़, बरसोला में, छह अप्रैल को पैनल अधिवक्ता विवेक अरोड़ा द्वारा गांव रामराय, गुलकनी में करेंगे। इसी तरह 30 अप्रैल तक लगातार शिविर आयोजितए किए जाएंगे।

---

# पोर्टल के चक्कर में फंसे किसान, नहीं बिक रही सरसों

- काकड़ोद के किसान सरकारी रेट पर अपनी सरसों की फसल बेचने के लिए पहुंचे, निराशा हाथ लगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना**

पोर्टल किसानों के लिए सिरदर्दी बन रहा है। काकड़ोद गांव के किसान सरकारी रेट पर अपनी सरसों की फसल बेचने के लिए पहुंचे। पोर्टल पर खाता अपडेट नहीं होने पर उनका गेट पास नहीं कट पाया। गेट पास नहीं कटने के चलते सरसों की फसल को बिना बेचे ही वापिस लौटना पड़ा। किसानों ने कहा कि उनका फसल का पंजीकरण साइट पर दिखाया जा रहा है लेकिन पोर्टल के चलते उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव से सरसों की फसल ट्राली में लेकर मंडी आए लेकिन बिना फसल बेचे बैरग लौटना पड़ा। किसान बलजीत सिंह, दयानंद, बलराम ने कहा कि जब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाना था तो सरसों की फसल का पंजीकरण करवाया। वो पंजीकरण की कापी लेकर सरसों की फसल बेचने के लिए मंडी आए। यहां पर उनकी फसल में नमी की जांच के बाद एजेंसी द्वारा टाकन काट कर गेट पास कटवाने के लिए भेजा। जब मार्केट कमेटी कर्मचारी से कपास मंडी गेट पर गेट पास कटवाने गए तो फसल का पंजीकरण तो वहां पर दिखा रहा था लेकिन गेट पास नहीं कट रहा था। गेट पास नहीं कटने के चलते उन्हें अपनी फसल को वापिस घर लेकर जाना पड़ा। पोर्टल के चक्कर में किसान परेशान हो रहा है। पहले पंजीकरण करवाओ पंजीकरण करवाने के बाद भी किसानों को पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं होने से गेट पास नहीं कट रहा है। पटवारी द्वारा लिखित रूप में देने के बाद भी उनकी फसल नहीं खरीदी जा रही है। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि इस तरह के कई किसान मिलने के लिए आ चुके है। इसको लेकर मार्केट कमेटी सचिव से बात की गई तो सचिव ने माना कि तकनीकी कमी के चलते इस तरह की परेशानी आ रही है।


**उचाना।** सरसों की फसल बेचने मंडी पहुंचे किसान। *फोटो : हरिभूमि*

---



### किसानों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

- 30 मार्च को उचाना आए सीएम को ज्ञापन सौंपने से रोकने पर जताया रोष

**उचाना।** उचाना संयुक्त किसान मोर्चा उचाना की अगुवाई में पुराने बस स्टैंड के पास सीएम नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका गया। सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई। किसान नेता आजाद पालवां, किसान नेत्री सिक्किम सफा खेड़ी 30 मार्च को हलके की मांगों को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी को ज्ञापन देना चाहते थे। पुलिस द्वारा उन्हें पहले नजरबंद किया। कुछ देर बाद प्रशासन ने झूठ बोलकर विश्राम गृह में पुलिस बस के माध्यम से उन्हें ले गई कि सीएम से मिलवा कर उनका मांग पत्र दिलवाया जाएगा। किसानों को प्रशासन द्वारा गुमराह करके विश्राम गृह में रखा गया। किसानों ने विरोध स्वरूप सीएम नायब सिंह सैनी का पुतला फूंक कर रोष प्रकट किया।

### वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल की बैठक संपन्न

**सफीदों।** वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल की एक बैठक नगर के नागक्षेत्र मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान यशपाल सूरी ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से शकुंतला तनेजा को संस्था का महिला उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संस्था को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। वहीं मीटिंग में संस्था में शामिल हुए नए सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में प्रधान यशपाल सूरी ने कहा कि संस्था का प्रचार-प्रसार करके वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था में बुजुगारें को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

# आयोग ने कई ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका**

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने अनेकों ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं, जोकि मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी लाभदायक है। उक्त जानकारी देते हुए एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार ने बताया कि जरूरतमंद लोग उक्त एप का प्रयोग करके सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित जानकारियां एवं समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है, तो वह वोटर ई.सी.आई.इन. पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। हरियाणा प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है, तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है।


कृष्ण कुमार।

---

# नवोदय परीक्षा परिणाम में पाजू कलां के सरकारी स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

नवोदय प्रवेश परीक्षा में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला पाजू कलां के तीन छात्रों का चयन हुआ है। ब्लॉक सफीदों के इस स्कूल के बच्चों का चयन लगातार जारी है। इस स्कूल की छात्रा तन्नू रानी, वंशिका व समीर का चयन हुआ है। चयनित तीनों विद्यार्थियों को विद्यालय स्टाफ व गांव के गण्यमान्य लोगों ने सम्मानित किया गया। वहीं इन बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापक सीता राम व अनिल कुमार को भी पगड़ी पहनाकर व शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक नरेश कुमार गण्यमान्य लोगों का अभिनंदन किया तथा कहा कि सरकारी स्कूल प्राईवेट स्कूल से कहीं भी पीछे नहीं है। सरकार राजकीय स्कूलों में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाएं। इस मौके पर नरेश कुमार, रामनारायण, सीता राम, अमृतलाल, अनिल कुमार , रेखा बुरा, जसमेर सिंह नंबरदार, श्याम लाल स्वामी, चैन सिंह, राजकुमार आदि मौजूद रहे।


**सफीदों।** बच्चों का अभिनंदन करते हुए ग्रामीण व स्कूल स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

---

# मॉडल संस्कृति स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का श्रीगणेश

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में नए सत्र का शुभारंभ हवन, गणेश वंदना व विद्या की देवी सरस्वती का वंदन करके किया गया। अनुष्ठान में मुख्य यजमान प्राचार्य डॉ योगेंद्रपाल सिंह रहे। अशोक कुमार मिश्र ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच अनुष्ठान संपन्न करवाया। प्राचार्य डॉ योगेंद्रपाल सिंह ने विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति में जो भी कार्य किया जाता है उसमें पहले हवन कार्य किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

### घासो गांव के झील रोड पर श्री गो उपचार केंद्र का किया उद्घाटन

# गेहूं की फसल काट कर करवाया गो चिकित्सा केंद्र का निर्माण

- गोवंश के साथ-साथ अन्य जीव जंतुओं के इलाज के लिए यह केंद्र खोला गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

सोमवार को घासो गांव के झील रोड पर श्री गऊ उपचार केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन से पहले उपचार केंद्र में हवन यज्ञ करवाया गया और इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। गोउपचार केंद्र के संचालक काला घसो ने कहा कि गौवंश के साथ-साथ अन्य जीव जंतुओं के इलाज के लिए यह केंद्र खोला गया है। ताकि उन्हें समय पर इलाज मिल सके और उन्हें बचाया जा सके। काला घासो ने कहा कि आज लोग अपने आप में व्यस्त हो गए हैं दूसरे जीव जंतुओं की ओर उनका कोई ध्यान नहीं रहता। जबकि मनुष्य का फर्ज बनता है कि पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव जंतु का जीवन बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा गौ माता आज सड़क पर है और इसी कारण आए दिन वह हादसों का शिकार हो जाती है। जिसके चलते गांव के युवाओं में क्षेत्र के अन्य युवाओं के साथ मिलकर उन्होंने यह फैसला लिया और अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल को काटकर गऊ चिकित्सा केंद्र का निर्माण करवाया। काला ने कहा कि आसपास क्षेत्र में जिस किसी को भी घायल गोवंश या अन्य जीव जंतु की सूचना मिले तो वह उन्हें सूचित करें। उनकी टीम सहायता के लिए तुरंत पहुंचेगी। इसके साथ-साथ एक विशेष डॉक्टरों की टीम भी इस अभियान में उनके साथ रहेगी। कार्यक्रम में पहुंचे दाडन खाप के प्रधान सूरजभान ने कहा कि गोवंश के प्रति युवाओं की है सोच सराहनीय है और अगर युवा गोवंश की रक्षा के लिए आगे आते हैं तो जो दशा हमारे देश में आज गोवंश की है उसे दशा में जल्द ही सुधार आ सकता है प्रधान ने कहा कि दूसरे युवा भी ऐसे कायोंर् में अपना सहयोग दें। इस मौके पर राजेश बच्ची अलीपुरा, मनीष चोपड़ा बद्दोवाल, अक्षु नेहरा अजय नैन कान्हा खेड़ा, मनजीत दमाड़ा घसो, रवि घसो, राकेश दनोदा, हरदीप ठेकेदार, सुमित बैम्बल, हरदीप वर्मा, देवेंद्र पंडित, दीपा पार्षद खरल सहित अन्य युवा मौजूद रहे।


**नरवाना।** यज्ञ हवन करके गऊ चिकित्सा केंद्र का शुभांरभ करते हुए।

